भारत की राष्ट्रपति

श्रीमती द्रौपदी मुर्मु

का

'वतन को जानो' कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर से आए युवाओं से मुलाक़ात के दौरान सम्बोधन

राष्ट्रपति भवन, 25 दिसम्बर, 2023

प्यारे बच्चों आप सब का राष्ट्रपति भवन में हार्दिक स्वागत है। यह आपका ही भवन है।

जिस 'वतन को जानो' कार्यक्रम के तहत आज आप यहाँ उपस्थित हैं उसका उद्‌देश्य ही है आप सभी को देश की कला, संस्कृति, सभ्यता, खान-पान, वेश-भूषा और साथ ही देश में हो रहे विकास कार्यों से अवगत कराना। मुझे विश्वास है कि आपका यह प्रवास भारत की संस्कृति, इतिहास, विविधता और प्रशासन के बारे में आपका ज्ञानवर्धन करेगा।

कश्मीर से कन्याकुमारी तक और कच्छ से किबिथू तक भारत में बहुत विविधता है। आपने इस भ्रमण के दौरान महसूस किया होगा कि हम अलग-अलग भाषा बोलते हैं, अलग-अलग तरह के कपड़े पहनते हैं, अलग-अलग जीवन-शैली अपनाते हैं, फिर भी, हम एक हैं। यह एकता ही हमारी वास्तविक शक्ति है। हमें इसे और अधिक मजबूत करना है।

हमने अमृत काल के दौरान भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। आप युवाओं को राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप अपने लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए और उनको प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करने चाहिए। इस प्रकार आप न

केवल अपना बल्कि देश का भी भला कर पाएंगे और विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में अपना योगदान कर पाएंगे।

प्यारे बच्चों,

कश्मीर की शोहरत एक बेहद खूबसूरत और शांतिपूर्ण स्थान के रूप में रही है। पिछले कुछ दशकों की हिंसा ने कश्मीर की इस छवि को नुकसान पहुंचाया था। लेकिन अब सरकार के प्रयत्न से और जम्मू और कश्मीर वासियों के सहयोग से कश्मीर की रौनक वापस लौटने लगी है। मुझे बताया गया है कि इस वर्ष दिसम्बर के शुरुआत तक दो करोड़ से अधिक सैलानी भ्रमण के लिए जम्मू और कश्मीर जा चुके हैं जिसमें करीब 50 हजार पर्यटक विदेशी हैं।

धारा 370 के हटने के बाद जम्मू और कश्मीर के विकास में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। आज केंद्र की सरकार और स्थानीय प्रशासन कदम-से-कदम मिलाकर क्षेत्र की जनता की उन्नति के लिए प्रयासरत हैं। Governance में technology का भरपूर उपयोग किया जा रहा है जिससे आम-जन को लाभ मिले। Digital जम्मू और कश्मीर की दिशा में आगे बढ़ते हुए, governance को future-ready बनाने के लिए प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। यह सराहनीय है। Effective-delivery और transparency, good governance का आधार है। इसी सोच के साथ 1100 से अधिक सरकारी सेवाओं को online कर दिया गया है। ये सारे प्रयास आम जनता के हित में हैं।

युवाओं के सपनों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप, जम्मू और कश्मीर में शिक्षा पर ज़ोर दिया जा रहा है। जम्मू और कश्मीर में IIT, IIM और AIIMS जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों की स्थापना की गई है। आज वहाँ के युवा भारत की मुख्यधारा का हिस्सा बनकर अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं। यह बहुत अच्छा बदलाव है। हमें इसे और आगे बढ़ाना है।

आज भी कुछ तत्व निहित स्वार्थ के कारण चाहते हैं कि कश्मीर आगे न बढ़े। लेकिन जिस तरह से सरकार और स्थानीय प्रशासन जम्मू और कश्मीर की प्रगति के लिए infrastructure, technology और education में invest कर रहे हैं और इसमें लोगों का सहयोग मिल रहा है, वह दिन दूर नहीं जब जम्मू और कश्मीर भारत में प्रगति के आदर्श प्रस्तुत करेगा।

आप सभी से अपील है कि आप सरकार द्वारा किए जा रहे प्रगति के प्रयासों का लाभ उठाएँ। ऐसा करने से आपकी जिंदगी में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। आपको नशीली दवाओं, असामाजिक तत्वों और negative publicity से दूर रहना है, तभी आप अपने bright future की ओर बढ़ पाएंगे। आप हमेशा याद रखें कि democracy सभी को उचित अवसर प्रदान करती है। बस आपको इसमें विश्वास रखते हुए लगन और मेहनत से आगे बढ़ना है।

मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं।

धन्यवाद,

जय हिन्द!

जय भारत!